<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों के तैयारियों की समीक्षा की– कहा बाढ़ से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर हों तैयारियां।
- वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक अवाक्स विमान को मार गिराया।
- भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम का किया ऐलान। आने और जाने का कन्फर्म टिकट एक साथ बुक कराने पर वापसी की यात्रा के बेस किराये में मिलेगी बीस प्रतिशत की छूट।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज से प्रदेश के सभी मण्डलों में भारतीय जनता पार्टी निकालेगी तिरंगा यात्रा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों की समीक्षा की।

***मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों को लेकर तैयारियों में किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। तैयारियां युद्ध स्तरीय होनी चाहिए जनता को किसी तरह की परेशानी न होने पाए। मंदिर में बैठक करने से पूर्व मुख्यमंत्री ने जिले और शहर का हवाई सर्वेक्षण भी किया।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव और राहत कार्यों को लेकर पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था करने के साथ बाढ़ चौकियों, राहत केंद्रों और राहत शिविरों को क्रियाशील करने की तैयारी पूरी होनी चाहिए। उधर, प्रदेश में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। राज्य के 24 जिले बाढ़ की चपेट में है। मुरादाबाद जनपद की 3 तहसीलों के सड़सठ गांवों में नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर आपातकालीन चिकित्सा सेवा के तहत जिला प्रशासन ने बोट एम्बुलेंस शुरू कर दी है। यह बोट एम्बुलेंस बाढ़ प्रभावित गांवों और क्षेत्रों में बाढ़ से घिरे लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएगी।

बाराबंकी में घाघरा और अयोध्या में सरयू नदियों का जलस्तर स्थिर है। जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया है और स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। बदायूं में बारिश से गंगा और रामगंगा नदी उफान पर हैं और कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

***नरौरा बैराज और बिजनौर से पानी छोड़े जाने के बाद बदायूं जिले में गंगा और रामगंगा नदियां उफान पर हैं। बदायूं के कछला गंगा घाट का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। गंगा किनारे बसे हुसैनपुर खेडा, ढक नगला, चंदनपुर, पिपरौल, खजुरारा, भैंसोरा, सरौता, पंखिया नगला, बहोरन नगला, ननाखेड़ा आदि गांव में बाढ़ के पानी ने दस्तक दे दी है। इधर रामगंगा नदी किनारे के कई गांव के आस पास बाढ़ का पानी पहुंच गया है। जिलाधिकारी अवनीश राय लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और प्रभावित ग्रामीणों को मदद मुहैया करा रहे हैं। प्रशासन की तरफ से गंगा, रामगंगा किनारे के गांवों में अलर्ट घोषित किया गया है। मोहम्मद नईम, आकाशवाणी समाचार बदायूं।***

बलिया में गंगा, सरयू और टोंस नदियों के उफान से जिले के 92 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

***बलिया जिले में गंगा और सरयू–घाघरा और टोंस नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। नदियों के उफान से जिले के 92 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। तुर्तीपार में भी घाघरा नदी का जलस्तर खतरा बिन्दु से ऊपर बहने के कारण अगल बगल के लोग प्रभावित हो गए हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और ओम वीर सिंह बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। बाढ़ से तहसील सदर और तहसील बैरिया के 92 गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही के लिए 375 नावें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी और एनडीआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण जेनरेटर से प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विनय कुमार, आकाशवाणी समाचार, बलिया।***

**********

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पाँच लड़ाकू विमान मार गिराए। बेंगलुरु में कल आयोजित एक कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत ने पाकिस्तानी वायु सेना के पाँच विमान और एक अवाक्स विमान मार गिराया था। उन्होंने शाहबाज़ जैकबाबाद हवाई अड्डे पर हुए हमलों का भी ज़िक्र किया, जिसमें भारतीय मिसाइलों ने एफ–16 जैसे कुछ विमानों को नष्ट कर दिया था। एयर चीफ मार्शल श्री सिंह ने बताया कि भारतीय हमले सोच–समझकर किए गए थे और तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण समन्वय था।

**********

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी मानसून सत्र पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहा है। इसके लिए सभी विभागों के मंत्रियों ने एजेंडा तैयार किया है जिसके बारे में चर्चा की जाएगी और सभी विधायक इस चर्चा में प्रतिभाग करेंगे।

**********

भारतीय रेल ने यात्रियों के लिए राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम का ऐलान किया है, जिसके तहत आने और जाने का टिकट एक साथ बुक कराने पर वापसी की यात्रा के बेस किराये में यात्रियों को 20 फीसदी छूट मिलेगी। यह योजना फिलहाल प्रयोगिक तौर पर लागू की जाएगी, ताकि इसके असर और यात्रियों की प्रतिक्रिया का आकलन किया जा सके। इस संबंध में रेलवे बोर्ड में यात्री विपणन समन्वय के निदेशक प्रवीण कुमार ने सभी जोन के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

रेलवे ने त्योहारों के सीजन में भीड़ को मैनेज करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम की घोषणा की है। योजना 14 अगस्त 2025 से शुरू होगी। इसके तहत पहली यात्रा का टिकट 13 अक्टूबर 2025 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच की तारीख के लिए बुक करना होगा। इसके बाद वापसी का टिकट 17 नवंबर 2025 से 1 दिसंबर 2025 के बीच की तारीख के लिए 'कनेक्टिंग जर्नी फीचर' के जरिए बुक करना होगा। इस स्कीम में छूट तभी मिलेगी जब दोनों तरफ का टिकट एक ही यात्री के नाम स हो और कन्फर्म हो।

**********

हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी आज से सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकलेगी। यह यात्रा 12 अगस्त तक चलेगी। भाजपा ने तिरंगा यात्रा के आयोजन की जिम्मेदारी युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को दी है। इस यात्रा में आम जनता की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं। तिरंगा यात्रा का आयोजन एक से दो किलोमीटर तक होगा। यह यात्रा मंडल में स्थित शहीद स्मारक से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरेगी।

**********

राज्य सरकार की विकासोन्मुखी और व्यवहारिक नीतियों से प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक नगरों में हस्तकला आधारित पर्यटन को नया आयाम मिल रहा है।

***देश विदेश के सैलानी काशी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों के साथ–साथ हस्तकला की दृष्टि से महत्वपूर्ण मिर्जापुर, आगरा, भदोही और वाराणसी भी जा रहे हैं। वहां सैलानियों के पहुंचने से स्थानीय कारीगरों को सीधे फायदा हो रहा है और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। पर्यटकों को दस्तकारों को काम करते देखना, बारीक डिजाइन और परम्परागत बुनाई तकनीक को समझना एक अलग अनुभव देता है। इन जगहों पर सैलानियों की बढ़ती संख्या न सिर्फ हमारी सांस्कृतिक विरासत को उजागर कर रही है, बल्कि स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों के लिये भी नई उम्मीद जगा रही है। इन स्थानों पर कालीन, मूर्तिकला और परिधानों का सालाना टन ओवर लगातर बढ़ रहा है। सैलानियों की बराबर आवाजाही के मद्देनजर राज्य सरकार पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार कर रही है और स्थानीय पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में लगी हुई है। समाचार कक्ष से फजल इनाम।***

**********

प्रदेश के 27 जिलों में आज से फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने का अभियान चलाया जाएगा। सर्वजन दवा सेवन एमडीए नामक यह अभियान 103 ब्लॉक में चलेगा। गोरखपुर जिले में कल इससे संबंधित एक मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एम्स गोरखपुर, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विषय विशेषज्ञों ने अभियान की महत्ता के बारे में विस्तार से चर्चा की।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो के वैज्ञानिकों ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन–पूजन के साथ रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया। इसरो के वैज्ञानिकों का यह दल भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के चंद्रयान अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इस अवसर पर इसरो के वैज्ञानिक दल ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र को चंद्रयान की प्रति कृति भेंट की।

**********